# सूरजकुंड मेले में छाएंगे ओडीओपी उत्पाद, उत्तर प्रदेश होगा थीम स्टेट

लखनऊ। भारतीय लोक कला और हस्तशिल्प के वैश्विक मंच सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला 31 जनवरी से 14 फरवरी तक हरियाणा में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित मेले के लिए उत्तर प्रदेश को थीम स्टेट के रूप में चुना गया है। पर्यटन विभाग मेले में प्रदेश की लोक कला, हस्तशिल्प, हथकरघा, लोक नृत्य-संगीत और पारंपरिक व्यंजनों के जरिए यूपी की सांस्कृतिक पहचान प्रस्तुत करेगा।

**शिल्प मेला 31 जनवरी से 14 फरवरी तक हरियाणा में होगा**

मेले में एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत 40 हस्तशिल्प स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें फिरोजाबाद की कांच की चूड़ियां, कन्नौज का इत्र, आजमगढ़ की ब्लैक पॉटरी, खुर्जा की पॉटरी, वाराणसी, लखनऊ और भदोही की जरी-जरदोजी व चिकनकारी सहित अन्य जिलों के प्रमुख उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस बार मेले का स्वरूप पहले से अधिक भव्य होगा। प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक लोक नृत्य, लोक संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा तीन विशेष अवसरों पर प्रदेश की पारंपरिक और आधुनिक वेशभूषा पर आधारित फैशन शो भी होंगे। ब्यूरो